Unit 05 . **बालक में जन्मजात विकृतियां**

(Congenital Disorders in Child)

Q. जन्मजात विकार क्या है? बालकों में उत्पन्न जन्मजात विकारों की सूची बनाइए।

What is congenital abnormality? List the congenital abnormalities in children.

उत्तर- जन्मजात विकार (Congenital Abnormalities) शिशु में जन्म के समय से ही उत्पन्न रहने वाली विकृतियां या विकार जन्मजात विकार कहलाते हैं।

कारक (Causes) -

• आनुवांशिक या वंशानुगत (Heredity)

• ऑक्सीजन अल्पता (Hypoxia)

• विकिरण (Radiation)

• संक्रमण जैसे- रुबेला वाइरस (Rubella virus)

• औषधियां जैसे- अल्कोहल, निकोटीन, थैलिडोमाइड

शिशु में होने वाले कुछ जन्मजात विकारों की सूची निम्नलिखित हैं-

1. स्पाइना बाइफिड़ा (Spina bifida)

2. विदर ओष्ठ (Cleft Lip)

3. खण्ड तालु (Cleft Palate)

4. हाइपोस्पोडियास (Hypospadiasis)

5. मुड़े हुए पैर या हाथ (Club feet or hands)

6. अछिद्रित गुदा (Imperforate Anus)

7. जलशीर्ष (Hydrocephalus)

8. पाइलोरिक स्टेनोसिस (Pyloric Stenosis)

9. मस्तिष्कीय पक्षाघात (Cerebral Palsy)

10. मूत्राशय का बहिवर्तन (Extrophy of Bladder)

11. डाउन सिन्ड्रोम (Down Syndrome)

12. वेन्ट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट (Ventricular Septal Defect, VSD)

Answer- Congenital Abnormalities: Deformities or disorders that occur in a child right from the time of birth are called congenital disorders.

Causes -

• Heredity

• Hypoxia

• Radiation

• Infections like Rubella virus

• Drugs like- alcohol, nicotine, thalidomide

Following is the list of some congenital disorders occurring in babies-

1. Spina bifida
2. Cleft Lip
3. Cleft Palate
4. Hypospadias
5. Club feet or hands
6. Imperforate Anus
7. Hydrocephalus
8. Pyloric Stenosis
9. Cerebral Palsy
10. Extrophy of Bladder
11. Down Syndrome
12. Ventricular Septal Defect (VSD)

Q. स्पाइना बाइफिडा किसे कहते हैं? इसके प्रकार, उपचार व रोकथाम का

वर्णन कीजिए।

What is spina bifida? Describe its types and treatment.

उत्तर- स्पाइना बाइफिडा (Spina Bifida)

यह मेरूदण्ड का जन्मजात विकार है जिसमें मेरूदण्ड की एक या अधिक कशेरूकाएं पूर्णतः सम्बद्ध नहीं हो पाती हैं अतः उनके बीच से ऊतक का एक पुटिका के रूप में बहिक्षेपण (protrusion) हो जाता है।

यह ज्यादातर लंबर (lumbar) या लम्बोसैक्रल (lumbosacral) क्षेत्र में अधिक पाया जाता है परन्तु यह कहीं भी हो सकता है। इसके तीन प्रमुख प्रकार हैं-

1. अप्रकट द्विखंडित मेरुदण्ड या अप्रकट द्विखण्डित मेरुदण्ड (Spina bifida occulta)

2. मेनिन्जोसील या मस्तिष्कावरण हर्निया (Meningocele)

3. मस्तिष्कावरण सुषुम्ना हर्निया या मेनिन्जोमायलोसील (Meningomyelocele)



1. स्पाइना बाइफिडा-ओकल्टा या अप्रकट द्विखंडित मेरुदण्ड (Spina bifida occulta)-

इसमें बहिक्षेपित ऊतक (protruded tissue) कशेरुकाओं तक सीमित रहता है। विकार बाहर से दिखाई नहीं देता चूंकि इसमें मेरु-रज्जु व मस्तिष्क झिल्लियाँ (meninges) सामान्य रहती हैं। अतः कोई तंत्रिकीय कमी (neurological deficit) परिलक्षित नहीं होती।

2. मेनिन्जोसील (Meningocele) -

इसमें कशेरुकाओं के मध्य से मैनिन्जस मस्तिष्कावरण झिल्लियां पुटिका के रूप में बाहर निकलती हैं। इसमें मस्तिष्क द्रव (CSF) भरा रहता है। यह ऊपर पतली झिल्ली या त्वचा से ढँकी हो सकती है। हल्की सी चोट से इसमें से CSF का रिसाव शुरू हो जाता है।

3. मेनिन्जोमायलोसील (Meningomyelocele)

इसमें कशेरुकाओं के विदर (cleft) से थैलीनुमा संरचना बाहर निकलती (protrude) है जिसमें मेनिन्जस, मेरुरज्जु तथा मस्तिष्क द्रव (CSF) भरा होता है। यह अधिकतर लम्बर (lumbar) या लम्बोसैक्रल (lumbosacral) क्षेत्र में पाई जाती है।

इन विकारों के कारण इसमें सामान्य कमजोरी (weakness) से लेकर, टांगों का पक्षाघात, मूत्राशय व मलाशय का संवेदी लोप (sensory loss) जैसे तंत्रिकीय विकार उत्पन्न हो सकते हैं। विकार के उच्च कशेरुकाओं में होने पर अधिक तत्रिकीय कार्य प्रभावित होते हैं।

उपचार (Treatment)

जन्म के बाद जितना जल्दी संभव हो शल्यक्रिया द्वारा विकार को ठीक करते हैं, इसे लेमिनेक्टॉमी (laminectomy) कहते हैं।

इसमें शीघ्र शल्यक्रिया के निम्न कारण हैं-

1. पुटिका के फटने से CSF का रिसाव व संक्रमण का खतरा रहता है।

2. तंत्रिकीय क्षमताओं में अधिक विकार को रोकने हेतु।

3. सौन्दर्य व संरचनात्मक सुधार (cosmetic purpose) हेतु।

यह सर्जरी न्यूरोसर्जन द्वारा की जाती है। कुछ शल्यचिकित्सक पर्याप्त त्वचा के विकास हेतु कुछ समय पश्चात् सर्जरी करना पसंद करते हैं जिससे इसे बंद करने हेतु पर्याप्त त्वचा उपलब्ध हो सके।



रोकथाम (Prevention)

1. प्रसव निदान तकनीकों जैसे- एम्नियोस्टैसिस (एम्नियोटक द्रव परीक्षण) तथा अल्फा फीटोप्रोटीन की बढ़ी हुई मात्रा के परीक्षण द्वारा 14-16 सप्ताह के गर्भकाल में इसका पता किया जा सकता है ताकि गर्भपात का निर्णय

लिया जा सके।

2. विकार जन्य कारकों का निवारण कर इससे बचा जा सकता है।

Answer- Spina Bifida is a congenital disorder of the spine in which one or more vertebrae of the spine are not completely fused, hence there is a protrusion of tissue in between them in the form of a cyst.

It is mostly found in the lumbar or lumbosacral region but it can occur anywhere.

There are three main types of it-

1. Latent spina bifida occulta

2. Meningocele or Meningocele

3. Meningeal hernia or meningomyelocele

1. Spina bifida-occulta or latent split spinal cord (Spina bifida occulta) –

In this the protruded tissue is limited to the vertebrae.

The disorder is not visible externally because the spinal cord and meninges remain normal. Hence no neurological deficit is reflected.

2. Meningocele -

In this, the meninges meningeal membranes come out in the form of a vesicle from between the vertebrae. It is filled with brain fluid (CSF).

It may be covered with a thin membrane or skin. Due to slight injury, CSF starts leaking from it.

3. Meningomyelocele:

In this, a sac-like structure protrudes from the cleft of the vertebrae which is filled with meninges, spinal cord and cerebrospinal fluid (CSF).

It is mostly found in the lumbar or lumbosacral region.

Due to these disorders, neurological disorders like general weakness, paralysis of legs, sensory loss of bladder and rectum can occur. When the disorder occurs in higher vertebrae, more motor functions are affected.

Treatment:

The disorder is corrected by surgery as soon as possible after birth, this is called laminectomy. The following are the reasons for early surgery:

1. There is a risk of CSF leakage and infection due to rupture of the vesicle.

2. To prevent further disorders in neurological abilities.

3. For cosmetic purpose.

This surgery is performed by a neurosurgeon. Some surgeons prefer to perform the surgery after a period of time to allow enough skin to grow to allow enough skin to close.

Prevention

1. It can be detected at 14-16 weeks of gestation by prenatal diagnostic techniques such as testing for amniostasis (amniotic fluid test) and increased levels of alpha fetoprotein so that a decision can be taken for abortion.

Q. **जलशीर्ष क्या है? जलशीर्ष के चिकित्सीय लक्षण, निदान, उपचार व शल्य क्रिया की प्री एवं पोस्ट नर्सिंग देखभाल लिखिए।**

What is hydrocephalus? Write down its symptoms, diagnosis, treatment and pre and post operative nursing care. VIDE

उत्तर- जलशीर्ष (Hydrocephalus)

इसका शाब्दिक अर्थ है मस्तिष्क में पानी भर जाना।

सेरेब्रोस्पाइनल द्रव (C.S.F.) के उत्पादन व अवशोषण में असंतुलन के परिणामस्वरूप मस्तिष्क में असामान्य रूप से C.S.F. के इकट्ठा होने को जलशीर्ष (hydrocephalus) कहते हैं।

इसमें नवजात का सिर असामान्य रूप से बड़ा दिखाई देता है।



चिकित्सीय लक्षण (Clinical Features)

• वक्ष के अनुपात में सिर का बड़ा होना।

• सीवन रेखाएं (sutures) दूर-दूर होना

• कपाल पर शिराएं उभरी हुई दिखना (Dilated scalp veins)

• उभरा हुआ अग्र फोन्टानेल्स

• सिर का आघात परीक्षण करने पर फूटे मटके जैसी ध्वनि उत्पन्न होना (Cracked pot sign)

• आँखों में परितारिका (iris) नीचे की तरफ तथा दृढ़ पटल ऊपर दिखाई देता है। आँखें नीचे झुकी हुई लगती हैं तथा बालक ऊपर की ओर देख नहीं पाता। (Setting sun sign)

• इन्ट्राक्रेनियल प्रेशर बढ़ने से उल्टी (vomiting), ऐंठन (convulsion) एवं भेंगापन (squint)

• तीखी आवाज में रोना

• बालक का दुग्धपान ठीक से न कर पाना

• मानसिक विकार एवं स्पास्टिक पक्षाघात

• कम नाड़ी व श्वसन दर

निदान (Diagnosis) -

• सिर का परिमाप (Circumference)

• X-ray

• CT Scan

• Ventriculography

उपचार (Treatment)

1. Intra cranial pressure को कम करने के लिए दवाईयां जैसे- mannitol, frusemide आदि।

2. सर्जरी जैसे- ventriculostomy a choroid plexotomy

3. Lumbar puncture द्वारा CSF की निकासी

4. Shunting

शल्यक्रिया पूर्व नर्सिंग देखभाल (Pre-operative Nursing Care) -

1. बढ़े हुए I.C.P. (Intra Cranial Pressure) चिन्हों का ऑकलन करना-

• सिर की परिधि

• धीमी श्वसन गति

• व्यवहार में परिवर्तन

• सीवन रेखाओं का आकार व खिंचाव

• सिरदर्द

2. बालक के जैविक चिन्हों (vital signs) को चैक व नोट करें

3. बच्चे की त्वचा एवं त्वचा की सलवटों की विशेष देखभाल करें, त्वचा को स्वच्छ व शुष्क रखकर संक्रमण से बचाएं।

4. बच्चे को उठाते समय गर्दन, कंधे व सिर को सहारा दें।

5. बालक को पर्याप्त पोषक आहार थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दें, उसे बिठाकर खिलाएँ।

6. बालक की व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखें।

7. प्रत्येक दो घंटे में बालक की स्थिति बदलें। निरंतर स्थिति बदलने से बालक

को bed sore व हाइपोस्टेटिक निमोनिया (hypostatic pneumonia) से बचाया जा सकता है।

8. बालक की जाँच, निदान व दैनिक देखभाल के लिए पालकों को सम्मिलित करें।

9. बालक के परिवारजनों को मनोवैज्ञानिक सहारा प्रदान करें।

शल्यक्रिया पश्चात देखभाल (Post-operative Nursing Care) -

1. जब तक की बालक को होश न आए प्रत्येक 30 मिनट के बाद जैविक चिह्नों (vital signs) का मापन करें।

2. बालक का शारीरिक तापमान बनाए रखें।

3. श्वसन मार्ग अनवरूद्ध बनाए रखें व म्यूकस-स्रावों को हटाएं।

4. बड़े हुए अन्तः कपालीय दबाव व शंट की उचित कार्य प्रणाली पर निगरानी रखें।

5. यदि 1.C.P. में वृद्धि हो तो शंट की निरंतरता (continuity) को जांचे व इसके वाल्व के सही कार्य करने की जाँच वाल्य को दबा कर करते हैं।

6. बालक को इस प्रकार लिटाएं कि शंट वाल्व पर दबाव न पड़े।

7. बालक को शंट के विपरीत करवट से लिटाएं। उल्टी होने पर पेट के बल लिटाएं तथा वाल्व पर दबाव न पड़ने दें।

8. शंट से C.S.F. की निकासी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यकतानुसार व निर्देशानुसार इसे पम्प करें। यदि कोई जटिलता हो तो चिकित्सक को सूचित करें।

9. संक्रमण के लक्षण दिखने पर डॉक्टर के अनुसार निर्देशित एण्टीबॉयोटिक दवा दें।

10. त्वचा एवं मुख आरोग्य का ध्यान रखें।

11. पर्याप्त पोषक एवं संतुलित आहार थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दें तथा धीरे-धीरे इसकी मात्रा बढ़ाते जाएं।

12. बालक को शांत, स्वच्छ व आरामदायक वातावरण प्रदान करें। निर्देशित हल्के दर्द निवारक (analgesics) औषधियाँ हैं, शामक व मादक औषधियां (sedatives) नहीं दी जाती हैं।

13. बालक की देखभाल में माता-पिता की सहायता लें।

Answer: Hydrocephalus literally means filling of the brain with water. An imbalance in the production and absorption of cerebrospinal fluid (C.S.F.) results in abnormal accumulation of CSF in the brain.

The accumulation of this is called hydrocephalus. In this the head of the newborn appears abnormally large.

Clinical Features

• Head being larger in proportion to the chest.

• Sutures being far apart

• Dilated scalp veins

• bulging anterior fontanelles

• Sound like a broken pot is produced on head impact test (Cracked pot sign)

• In the eyes, the iris is visible at the bottom and the retina is visible at the top. The eyes appear to be bent downwards and the child is unable to look upwards. (Setting sun sign)

• Vomiting, convulsions and squint due to increased intracranial pressure

• cry out loudly

• inability to breastfeed the child properly

• Mental disorders and spastic paralysis

• low pulse and respiratory rate

Diagnosis -

• Circumference of head

• X-ray

• CT Scan

• Ventriculography

Treatment

1. Medicines to reduce intracranial pressure like- mannitol, frusemide etc.

2. Surgeries like- ventriculostomy a choroid plexotomy

3. Drainage of CSF by lumbar puncture

4. Shunting

Pre-operative Nursing Care -

1. Increased I.C.P. (Intra Cranial Pressure) To assess the signs-

• head circumference

• slow respiratory rate

• change in behavior

• Size and stretch of seam lines

• Headache

2. Check and note the child's vital signs.

3. Take special care of the baby's skin and skin folds, protect it from infection by keeping the skin clean and dry.

4. While lifting the child, support the neck, shoulders and

head.

5. Give adequate nutritious food to the child in small quantities, make him sit and feed him.

6. Maintain personal hygiene of the child.

7. Change the position of the child every two hours. Child gets bed sore and hypostatic pneumonia due to constant change of position. Can be protected from hypostatic pneumonia.

8. Involve the parents in the examination, diagnosis and daily care of the child.

9. Provide psychological support to the child's family members.

Post-operative Nursing Care -

1. Measure vital signs every 30 minutes until the child regains consciousness.

2. Maintain the child's body temperature.

3. Keep the respiratory tract unblocked and remove mucus secretions.

4. Monitor increased intracranial pressure and proper functioning of the shunt.

5. If 1.C.P. If there is an increase, check the continuity of the shunt and check the proper functioning of its valve by pressing the valve.

6. Make the child lie down in such a way that there is no pressure on the shunt valve.

7. Make the child lie on the side opposite to the shunt. In case of vomiting, lie down on your stomach and do not put pressure on the valve.

8. Shunt to C.S.F. Pump it as per requirement and instructions to ensure drainage. If any complications occur, inform your doctor.

9. If symptoms of infection appear, give antibiotics as directed by the doctor.

10. Take care of skin and oral health.

11. Give adequate nutritious and balanced diet in small quantities and gradually increase its quantity.

12. Provide a calm, clean and comfortable environment to the child. Mild painkillers (analgesics) are prescribed, sedatives and sedatives are not given.

13. Take help of parents in taking care of the child.

Q. विदर ओष्ठ एवं खण्ड तालु किसे कहते हैं?

इसके कारण व जटिलताएं क्या हैं?

ऑपरेशन से पहले तथा बाद की नर्सिंग देखभाल व माता-पिता को स्वास्थ्य शिक्षा समझाइए।

What is cleft lip and cleft palate.

What are the causes and complications of it?

Describe its pre and post nursing care and parental advices.

उत्तर- विदर ओष्ठ या खण्डौष्ठ (Cleft Lip) -

ऊपरी होठ बनाने वाले मध्य एवं पार्श्व ऊतक के जुड़ने की असफलता के कारण होठ में पाई जाने वाली दरार, विदर ओष्ठ (cleft lip) कहलाती है। यह एक तरफ या दोनों तरफ हो सकता है।

खण्ड तालु (Cleft Palate) -

तालु बनाने वाले ऊतक के जुड़ने की असफलता को विदर तालु (cleft palate) कहते हैं। यह केवल मृदु-तालु (soft-palate), कठोर तालु अथवा मैक्सिला हड्डी तक फैली दरार के रूप में हो सकता है। यह भी मध्य रेखा के दायीं या बायीं ओर हो सकता है। यह भी एक तरफ या दोनों तरफ हो सकता है।



कारण (Causes) -

• आनुवांशिक कारक

• भ्रूणीय विकास की असफलता

• गुणसूत्र संबंधी असामान्यता

जटिलताएँ (Complications) -

• नाक में बोलना

• बार-बार होने वाला मध्यकर्ण शोथ (Recurring otitis media)

• दंत समस्याएं

• स्तनपान करने में कठिनाई

• भोजन या दूध का नाक द्वारा वापस आना

शल्यक्रिया पूर्व देखभाल (Pre-operative Care) -

1. बालक के श्वसन, आंत्रीय संक्रमण एवं मध्यकर्ण-शोथ (otitis media) पर नजर रखें। शिशु को संक्रमण से बचाएं।

2. बालक को भर्ती करने के बाद रबर के सिरे वाले ड्रॉपर (dropper) या एसेप्टोसीरिंज से फीडिंग की आदत डालें।

रबर टिप को बगल से मुँह में डालकर खाद्य व द्रव जीभ पर उड़ेलें। इससे बाद में टाँकों में व्यवधान नहीं होगा।

3. शल्य-क्रिया के बाद फीडिंग का तरीका पालकों को समझाएं।

4. शिशु को सीधे पीठ के बल, कोहनी बंधन के (elbow restraints) साथ लिटाने का अभ्यास कराएं ताकि बालक हाथों से होठों का स्पर्श कर इससे होने वाली जलन से बच सके।

5. पालकों को ऑपरेशन के बारे में, कोहनी बंधन व ओष्ठ-बंधन के बारे में शिक्षा प्रदान करें।

शल्य क्रिया के बाद देखभाल (Post-operating care) -

1. जैविक चिह्नों (vital sign) पर नजर बनाए रखें व अनियमितता हो तो आवश्यक कदम उठाएं।

2. शिशु को पीठ के बल लिटाकर एक तरफ से थोड़ा ऊँचा कर दें जिससे स्राव ठीक तरह से निकलते रहें व एस्पीरेशन न हो।

3. बालक की स्थिति लगाकर बदलते रहें जिससे हाइपोस्टेटिक न्यूमोनिया (hypostatic pneumonia) न हो।

4. ऑपरेशन थिएटर से लौटते ही बंधन लगाएं जिससे बालक अपने हाथों से टांकों को नुकसान नहीं पहुँचाएगा।

5. पोषण हेतु ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल करें जिससे चोट न लगे।

6. फीडिंग के बाद डकार दिलाएं व स्रावों को साफ रखें।

7. फीडिंग के बाद गॉज-स्वाब व सैलाइन या H_2O से स्राव व भोज्य पदार्थों को साफ करें।

8. बालक को रोने से बचाएं। रोने से टाँकों पर खिंचाव आता है।

9. टाँकों की सुरक्षा हेतु होंठ सुरक्षा उपकरण को लगाएं।

10. संक्रमण से बचाव के लिए बालक की व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखें व सीवन-रेखा को स्वच्छ रखें।

11. मुंह, नासारन्ध्रों आदि के ऊतकों पर सूजन के लिए नजर रखें व उत्पन्न होने पर तुरंत डॉक्टर को सूचित करें।

12. बालक के श्वसन क्रिया पर नजर रखें, शल्य क्रिया के पहले 48 घंटे में बालक को श्वसन अवरोध हो सकता है। अतः लैरिजोस्कोप व एण्डोट्रेकियल ट्यूब सदैव तैयार रखें।

माता-पिता अथवा पालकों को शिक्षा (Parental Support and Advise)

1. माँ-बाप को शल्य-क्रिया व बाद की सामान्य देखभाल व फीडिंग के बारे में समझाएं व प्रश्नों का उत्तर दें।

2. यदि बालक को विदर-तालु भी है तो ड्रॉपर से दूध पिलाते रहें व तालू में चिपकने वाले पदार्थ जैसे- टॉफी आदि न खिलाएं।

3.बालक को पुनः जाँच व टांके हटाने के लिए अस्पताल कब लाना है, उसकी तिथि व समय के बारे में बताएं।

Answer - Cleft Lip -

The crack found in the lip due to failure of joining of the middle and lateral tissue forming the upper lip is called cleft lip. This can happen on one side or both sides.

Cleft Palate -

Failure of the tissue forming the palate to join is called cleft palate.

This may be in the form of a crack extending only to the soft-palate, hard palate or maxilla bone.

This may also be on the right or left side of the midline. This can also happen on one side or both sides.

Causes -

• genetic factors

• Failure of embryonic development

• Chromosomal abnormalities

Complications -

• speaking in nose

• Recurring otitis media

• Dental problems

• difficulty breastfeeding

• regurgitation of food or milk through nose

Pre-operative Care -

1. Keep an eye on the child's breathing, intestinal infection and otitis media. Protect the baby from infection.

2. After admitting the child, develop the habit of feeding him with a dropper or aseptosyringe with a rubber end.

Pour food or liquid onto the tongue by inserting the rubber tip from the side into the mouth. This will prevent any interference with the stitches later.

3. Explain the method of feeding after surgery to the parents.

4. Make the child practice lying straight on the back with elbow restraints so that the child can avoid the irritation caused by touching the lips with hands.

5. Provide education to parents about the operation, elbow ligation and lip-ligation.

Post-operating care -

1. Keep an eye on vital signs and take necessary steps if there are any irregularities.

2. Make the baby lie on his back and raise one side slightly so that secretions come out properly and aspiration does

not occur.

3. Keep changing the position of the child so that hypostatic pneumonia does not occur.

4. Apply a tourniquet as soon as you return from the operation theater so that the child does not damage the stitches with his hands.

5. Use techniques for nutrition that do not cause injury.

6. Burp after feeding and keep secretions clean.

7. After feeding, clean the secretions and food items with gauze-swab and saline or H_2O.

8. Keep the child from crying. Crying causes strain on the stitches.

9. Wear a lip protection device to protect the stitches.

10. To prevent infection, maintain personal hygiene of the child and keep the seam line clean.

11. Keep an eye on the tissues of the mouth, nostrils etc. for swelling and inform the doctor immediately if it occurs.

12. Keep an eye on the child's respiratory function, the child may have respiratory obstruction in the first 48 hours after the surgery. Therefore, always keep laryngoscope and endotracheal tube ready.

Education to parents (Parental Support and Advice)

1. Explain to the parents about the surgery and general post-operative care and feeding and answer the questions.

2. If the child also has a cleft palate, then keep feeding milk through a dropper and do not feed substances that stick to the palate like toffee etc.

3.Inform the child about the date and time when he has to be brought to the hospital for re-examination and removal of stitches.

Q. डायाफ्रामेटिक अथवा हायटस हर्निया किसे कहते हैं? इसके लक्षण, निदान तथा नर्सिंग प्रबंधन लिखिए।

What is diaphragmatic or hiatus hernia? Write its symptoms, diagnosis and nursing management.

उत्तर- डायफ्रामेटिक हर्निया (Diaphragmatic Hernia)

यह एक जन्मजात विकार है जिसमें उदीय अंगों का. डायफ्राम में विकार के फलस्वरूप वक्ष गुहा में प्रवेश या प्रलम्बन (protrusion) होता है।

किसी अंग के लूप अथवा ऊतक का किसी असामान्य खुले भाग से प्रतिक्षेपन हर्निया कहलाता है।

डायाफ्राम की मजबूत मांसपेशियां उदरीय अंगों को वक्षगुहा में जाने से रोकती हैं, यद्यपि असामान्य भ्रूणीय विकास होने से हर्निया होता है।

लक्षण (Symptoms) -

• गम्भीर श्वसन-संकट (respiratory distress) जैसे- शीघ्र श्वसन (tachypnoea), कष्ट श्वसन (dyspnea) व देहनीलता (cyanosis)

• प्रभावित वक्ष में अन्तः श्वसन के साथ फैलाव नहीं होता, श्वसन आवाज कम आती है।

• पेट छोटा व नावाकार (scaphoid) जबकि वक्ष तुलनात्मक रूप से बड़ा हो जाता है।

• वक्ष में आँतों की क्रमाकुंचन गतियाँ (peristaltic movement) सुनाई देती हैं।

• आघात (Shock)



निदान (Diagnosis) -

• Specialized X-Ray

• Endoscopy

नर्सिंग प्रबंधन (Nursing Management)

1. शिशु को श्वसन प्रदान करने के लिए तुरन्त resuscitation की जरूरत होती है।

इसके लिए बालक को सेमी फाउलर्स पॉजीशन में सिर ऊँचा कर प्रभावित पार्श्व की तरफ करवट दिलाएं जिससे स्वस्थ फेफड़े प्रभावित नहीं हों।

2. शिशु को यथासंभव शांत रखने की कोशिश करनी चाहिए।

3. श्वसन मार्ग को सक्शन द्वारा स्वच्छ करें तथा धनात्मक दबाव श्वसन (positive pressure respiration) प्रदान करें।

4. आमाशयी पदार्थों का दबाव कम करने हेतु नेजोगेस्ट्रिक ट्यूब (N.G. tube) से आमाशयी पदार्थों का बहिर्गमन करते हैं।

5. डॉक्टर के निर्देशानुसार पोषण एवं औषधि हेतु अंतः शिरीय द्रव (I.V.) शुरू करते हैं।

6. शिशु की आपातकालीन शल्यक्रिया हेतु तैयारी की जाती है।

Answer- Diaphragmatic Hernia:

This is a congenital disorder in which the abdominal organs. Disorders in the diaphragm result in intrusion or protrusion into the thoracic cavity.

The protrusion of a loop or tissue of an organ through an abnormal opening is called hernia.

Strong muscles of the diaphragm prevent abdominal

organs from moving into the chest cavity, although abnormal fetal development may result in a hernia.

Symptoms -

• Severe respiratory distress such as tachypnoea, dyspnea and cyanosis.

• There is no expansion with inspiration in the affected chest, respiratory sounds are reduced.

• The stomach is small and boat-shaped (scaphoid) while the thorax becomes comparatively larger.

• Peristaltic movement of intestines is heard in the chest.

• Shock

Diagnosis -

• Specialized X-Ray

• Endoscopy

Nursing Management

1. Immediate resuscitation is needed to provide respiration to the baby. For this, make the child turn

towards the affected side by raising the head in semi-Fowler's position so that the healthy lungs are not affected.

2. One should try to keep the baby as calm as possible.

3. Clear the respiratory tract by suction and provide positive pressure respiration.

4. To reduce the pressure of gastric contents, gastric contents are evacuated through nasogastric tube (N.G. tube).

5. Start intravenous fluids (I.V.) for nutrition and medicines as per the doctor's instructions.

6. Preparations are made for the baby's emergency surgery.

Q. प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात किसे कहते हैं? इसके कारण, चिकित्सीय लक्षण, उपचार व नर्सिंग प्रबंधन समझाइए।

What is cerebral palsy? Describe its causes, clinical features, treatment and nursing management.

उत्तर - प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (Cerebral Palsy)

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात दीर्घकालीन, चालन संबंधी निर्योग्यता (chronic motor disability) है जो मस्तिष्कीय मूल की तंत्रिका-पेशीय (neuromuscular) विकार के परिणामस्वरूप होती है।

इसमें पेशीय नियंत्रण (muscle control), मुद्रा (posture), प्रचालन (movement) व क्षमता (strength) संबंधी दोष पाए जाते हैं।

यह नॉन प्रोग्रेसिव (non-progressive), अघातक (non fatal) तथा ठीक न होने योग्य विकार है जो बढ़ते हुए मस्तिष्क की जन्म पूर्व, जन्म के समय या बाद में क्षति के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है जोकि बच्चों में अपंगता (cripple) का प्रमुख कारण है।

कारण (Causes) -

• जन्मजात कुरचनाएं (Congenital malformations)

• चोट (Trauma)

• नवजात पीलिया (Kernicterus)

• ऑक्सीजन न्यूनता (Hypoxia)

• स्थानिक रक्ताल्पता (Ischemia)

• रक्तस्त्राव (Haemorrhage)

लक्षण (Symptoms)

• मानसिक विमन्दिता (M.R.)

• मूर्च्छा

• व्यवहार समस्याएं

• निगलने में परेशानी

• मुँह से लार गिरती रहती है (Drooling)

• हाथ व पैरों में तन्यता (spasticity) जिससे पैर अधिक प्रभावित होते हैं

• स्पास्टिक सेरेब्रल पाल्सी में quadriplegia, hemiplegia, paraplegia, monoplegia

• एटोनिक सेरेब्रल पाल्सी मे एटोनिक डायप्लेजितया एवं जन्मजात सेरीबलर अटेक्सिया पाया जाता है

• एक्स्ट्रा पिरामिडल सेरेब्रल पाल्सी में कोरियोएथेटॉसिस एवं डिस्टोनिया होता है।

• मैंगापन (Squint/strasbismus)

• मोतियाबिन्द (Cataract)

• अन्धता (Retrolental fibroplasia)

• बहरापन (Deafness)

• चलने में कठिनाई, बोली बंद होना (Dysarthria, dyslalia and aphasia)

उपचार (Treatment) -

इसमें लाक्षणिक उपचार किया जाता है जैस- मूर्च्छा के नियंत्रण के लिए antiepileptic दी जाती हैं।

मांसपेशियों के लिए muscles relaxants दिए जाते हैं आदि।

नर्सिंग प्रबंधन (Nursing Management)

1. बैठने, रेंगने तथा चलने को बढ़ावा देना चाहिए।

2. बालक की व्यक्तिगत स्वच्छता व पोषण बनाए रखने में सहायता करनी चाहिए।

3. ऐसे खिलौने तथा गतिविधियों का चयन करना चाहिए जिसमें बालक अधिक सहभागी हो तथा मोटर-कार्य एवं संवेदी अंतर्ग्रहण में सुधार हो।

4. बच्चे की संप्रेषण में सहायता हेतु speech therapist का सहयोग लेना चाहिए।

5. बालक को पर्याप्त आराम व आरामदायक स्थिति प्रदान करनी चाहिए।

6. बालक को कम मात्रा में बार-बार भोजन देना चाहिए।

7. बालक को सामाजिक रूप से स्वीकार्य व्यवहार सिखाने हेतु परिवार को प्रोत्साहित करें।

8. उचित यौन शिक्षा देकर बाल शोषण (child abuse) की रोकथाम करें।

Answer - Cerebral Palsy Cerebral palsy is a long-term, motor disability that results from a neuromuscular disorder of cerebral origin.

In this, defects related to muscle control, posture, movement and strength are found.

It is a non-progressive, non-fatal, and incurable disorder that results from prenatal, perinatal, or postnatal damage

to the growing brain and is a major cause of disability in children. reason.

Causes -

- Congenital malformations
- Trauma
- Neonatal Jaundice (Kernicterus)
- Oxygen deficiency (Hypoxia)
- Ischemia
- Haemorrhage

Symptoms

- Mental retardation (M.R.)
- unconsciousness
- behavior problems
- trouble swallowing
- Drooling keeps falling from the mouth
- Spasticity in arms and legs, which affects the legs more
- Quadriplegia, hemiplegia, paraplegia, monoplegia in

spastic cerebral palsy

• Atonic diplegia and congenital cerebellar ataxia are found in atonic cerebral palsy.

• Choreoathetosis and dystonia occur in extra pyramidal cerebral palsy.

• Squint/strasbismus

• Cataract

• अन्धता (Retrolental fibroplasia)

• Deafness

• Difficulty in walking, slurred speech (Dysarthria, dyslalia and aphasia)

Treatment -

In this, symptomatic treatment is given like antiepileptics are given to control fainting.

Muscle relaxants are given for muscles etc.

Nursing Management

1. Sitting, crawling and walking should be encouraged.

2. The child should be helped in maintaining personal hygiene and nutrition.

3. Such toys and activities should be selected in which the child is more involved and motor work and sensory intake are improved.

4. Help of speech therapist should be taken to help the child in communication.

5. The child should be provided with adequate rest and comfortable conditions.

6. The child should be given food in small quantities frequently.

7. Encourage the family to teach the child socially acceptable behavior.

8. Prevent child abuse by providing proper sex education.

Q. मस्तिष्कावरण शोथ या मैनिन्जाइटिस किसे कहते हैं? इसके कारण, चिकित्सीय लक्षण, उपचार एवं नर्सिंग प्रबंध को समझाइए।

What is meningitis? Describe its causes, clinical features, treatment and nursing management.

उत्तर- मस्तिष्कावरण शोथ (Meningitis)

मस्तिष्क और मेरूरज्जु (spinal cord) को ढँकने वाली झिल्लियों (meninges) के प्रदाह या सूजन (inflammation) को मस्तिष्कावरणशोथ या मैनिन्जाइटिस कहते हैं। यह बच्चों की तीव्र व घातक बीमारी है जिसे पीडियाट्रिक्स में इमरजेन्सी की तरह माना जाता है।

कारण (Causes)

• जन्म से 2 माह तक E. coli, Streptococcus group B

• 2 माह से 3 वर्ष तक Hemophilus influenze, Streptococcus pneumoniae, Nisseria meningitidis

• 3 वर्ष से 16 वर्ष तक - Streptococcus pneumoniae, Neisseria meningitidis

लक्षण (Manifestation) -

• अन्त कपालीय दबाव (ICP) बढ़ा हुआ

• तीव्र ज्वर

• उल्टी एवं सिरदर्द

• बेचैनी (Restlessness)

• चिड़चिड़ापन (Irritability)

• तेज रूदन (High pitch cry)

• कभी-कभी ऐंठन एवं अग्र फोन्टेनेल्स (Anterior fontanelles) का बाहर

• निकलना

• गर्दन अकड़ी हुई (Neck stiffness)

• धनात्मक कर्निंग-चिह्न व वुडजिन्सकी चिह्न (Positive Kernig's and Brudzinski's sign)

• प्रकाशभय (Photophobia)

• कोमा की स्थिति (Stage of Coma)

उपचार (Treatment)

1. CSF के संवर्धन व संवेदनशीलता (culture and sensitivity) के अनुसार 7 से 10 दिन तक एण्टीबायोटिक दवाएँ देते हैं जैसे- Cefotaxime, amikacin, penicillin, ampicillin, आदि। ट्यूबरकुलर मेनिन्जाइटिस में A.T.T. शुरू करते हैं।

2. बढ़े हुए अंतः कपालीय दबाव (ICP) हेतु mannitol देते हैं।

3. ऐंठन व झटकों हेतु Anticonvulsants देते हैं जैसे- फीनोर्बीटोन डायजीपाम, फेनिटोइन सोडियम आदि।

4. प्रदाह एवं निःस्राव (exudate) को कम करने हेतु स्टीराइड (Steroid) देते हैं।

5. बुखार के लिए Antipyretics दवाएं दी जाती हैं।

6. जल व इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाने के लिए I.V. fluids दिए जाते हैं।

नर्सिंग प्रबंधन (Nursing Management)

1. मेनिन्जाइटिस के संदेह के साथ भर्ती बालक को अन्य बच्चों से अलग रखते हैं, क्योंकि यह तीव्र संक्रामक बीमारी है।

2. बालक के स्रावों का उचित प्रकार से निस्तारण करना चाहिए तथा पूर्ण विसंक्रमित तकनीक जैसे हर बार हाथ धोना, ग्लब्स पहनना इत्यादि का ध्यान रखना चाहिए।।

3. तीव्र प्रकाश व शोरगुल से बालक को दूर रखें क्योंकि रोगी को photophobia व सिरदर्द की अवस्था बढ़ती है।

4. बालक की स्थिति निरंतर बदलते रहें व त्वचा की देखभाल करें एवं व्यक्तिगत स्वच्छता प्रदान कर आराम में वृद्धि करें।

5. बालक की चेतनता का ऑकलन करें व seizures पर निगरानी रखें। झटकों की प्रकृति, अवधि इत्यादि नोट करें।

6. बालक का प्रत्येक दो घंटे में TPR (Temperature, pulse, respiratory rate) रिकॉर्ड करें।

7. शुरू में बालक को I.V. माध्यम से ही द्रव-पोषण देते हैं तदुपरांत राइल्स ट्यूब से एवं धीरे-धीरे मुख से पर्याप्त उच्च पोषण-मान वाले सुपाच्य द्रव देते हैं।

8. डॉक्टर के निर्देशानुसार सभी दवाईयां व ऑक्सजीन नियत समय पर दें।

9. Cold sponging एवं antipyretic दवाईयों द्वारा शरीर का तापक्रम सामान्य बनाए रखें।

10. शरीर की संस्थिति बनाए रखने के लिए निष्क्रिय व्यायाम, फुट बोर्ड का प्रयोग आदि उपाय करते हैं।

11. बालक का intake-output चार्ट तैयार करें।

12. बेहोश बालकों NG ट्यूब से पोषक देते हैं। मुँह एवं NG ट्यूब की स्वच्छता का ध्यान रखें।

13. माता-पिता को रोग व उपचार के बारे में बताएं व उनमें स्वयं स्वच्छतापूर्वक देखभाल करने के प्रति आत्मविश्वास पैदा करें।

Answer- Meningitis:

Inflammation or swelling of the membranes covering the brain and spinal cord is called meningitis.

This is an acute and fatal disease of children which is considered as an emergency in pediatrics.

Causes

• E. coli, Streptococcus group B from birth to 2 months

• From 2 months to 3 years Hemophilus influenze, Streptococcus pneumoniae, Neisseria meningitidis

• From 3 years to 16 years – Streptococcus pneumoniae, Neisseria meningitidis

Symptoms (Manifestation) -

• Increased intracranial pressure (ICP)

• Acute fever

• vomiting and headache

• Restlessness

• Irritability

• High pitch cry

• Sometimes spasm and protrusion of anterior fontanelles.

• Neck stiffness

• Positive Kernig's and Brudzinski's sign

• Photophobia

,• Stage of Coma

Treatment

1. According to the culture and sensitivity of CSF, antibiotics are given for 7 to 10 days like Cefotaxime, amikacin, penicillin, ampicillin, etc. A.T.T in tubercular meningitis. let start.

2. Give mannitol for increased intracranial pressure (ICP).

3. Anticonvulsants are given for convulsions and tremors

like- Phenorbitone, Diazepam, Phenytoin sodium etc.

4. Steroids are given to reduce inflammation and exudate.

5. Antipyretics medicines are given for fever.

6. To maintain water and electrolyte balance, I.V. fluids are given.

Nursing Management

1. A child admitted with suspicion of meningitis is kept separate from other children, because it is an acute infectious disease.

2. The child's secretions should be disposed of properly and complete disinfection techniques such as washing hands every time, wearing gloves, etc. should be observed.

3. Keep the child away from intense light and noise because the patient develops photophobia and headache.

4. Keep changing the condition of the child continuously and take care of the skin and increase comfort by providing personal hygiene.

5. Assess the child's consciousness and monitor seizures. Note the nature, duration, etc. of the shaking.

6. Record the child's TPR (Temperature, pulse, respiratory

rate) every two hours.

7. Initially the child was given I.V. Liquid nutrition is given through the medium itself and then through the Ryle's tube and gradually through the mouth, digestible liquids with sufficiently high nutritional value are given.

8. Give all medicines and oxygen at the prescribed time as per the doctor's instructions

9. Maintain normal body temperature by cold sponging and antipyretic medicines.

10. To maintain the condition of the body, measures like passive exercise, use of foot board etc. are taken.

11. Prepare an intake-output chart of the child.

12. Nutrients are given to unconscious children through NG tube. Take care of the cleanliness of the mouth and NG tube.

13. Tell parents about the disease and treatment and create confidence in them to take care of themselves hygienically.

Q. आहारनली की अविवरता या ईसोफेज़ियल एट्रेशिया क्या है?

इसके कारण, चिकित्सीय लक्षण, उपचार व प्री एवं पोस्ट नर्सिंग प्रबंधन

समझाइए।

What is Oesophageal Atresia?

Describe its causes, clinical features, treatment and pre and post nursing care.

उत्तर- आहारनाल की अविवरता (Oesophageal Atresia)

यह एक जन्मजात विकृति है जिसमें भ्रूणीय विकास के दौरान अपूर्णता के कारण ग्रासनली, ग्रसनी एवं आमाशय के बीच निरंतरता नहीं होती है।

ग्रासनली एक फिस्टुला के द्वारा श्वास नली से संबद्ध हो सकती है जिसे श्वासनली ग्रसिका नासूर या नालव्रण (tracheoesophageal fistula) कहते हैं।



कारण (Causes)

- आनुवांशिक कारक
- भ्रूणीय विकास की असफलता
- पर्यावरण जनित कारक

चिकित्सीय लक्षण (Clinical Features)

• मुंह से निरंतर झागदार लार बहना

• भोजन के बाद उल्टी, खांसी व दम घुटना

• अत्यधिक मात्रा में नाक से स्त्राव बहना

• जन्म के तुरंत बाद दोष प्रकट हो जाता है

• उदर-स्फीति

उपचार (Treatment)

1. बालक को 30° कोण पर ऊंचा उठाकर रखना ताकि आमाशयी पदार्थ बाहर न निकल पाएं।

2. Sump drain द्वारा upper oesophageal pouch का suction करना।

3. गैस्ट्रॉस्टोमी करना ताकि आमाशय में दबाव कम हो एवं अंतःश्वसन को रोका जा सके तदुपरांत इसका उपयोग आहार देने के लिए किया जा सकता है।

4. लाक्षणिक उपचार जैसे एन्टीबायोटिक देना, ऑक्सीजन देना, I.V. fluid देना इत्यादि।

नर्सिंग प्रबंधन (Nursing Management)

शल्यक्रिया से पहले नर्सिंग देखभाल (Pre Nursing Care) -

1. ऑपरेशन से पूर्व बालक को मुख से कुछ भी न दें।

2. बालक के जैविक चिन्हों को चैक करें व किसी भी परिवर्तन पर तुरंत चिकित्सक को सूचित करें।

3. शिशु को संक्रमण से बचाएं।

4. डॉक्टर के निर्देशानुसार जरुरी दवाईयां व ऑक्सीजन प्रदान करें।

5. Suction द्वारा श्वसन मार्ग को साफ करें।

शल्यक्रिया के बाद नर्सिंग देखभाल (Post Nursing Care) -

1. बालक को गर्म उद्भव पात्र (incubator) में रखें।

2. Suction द्वारा श्वसन मार्ग को साफ करें जिससे श्वसन प्रक्रिया निरंतर बनी रहे व स्राव की मात्रा को नोट करें।

3. वाटर-सील ड्रेनेज की देखभाल करें।

4. I.V. fluids द्वारा पोषण का स्तर बनाए रखें।

5. डॉक्टर के निर्देशानुसार एन्टीबायोटिक दें।

6. प्रत्येक आधे घंटे पर बालक के जैविक चिन्ह चैक व नोट करें

7. प्रत्येक चार घंटे में शिशु की स्थिति बदलते रहें।

8. आमाशयी छिद्र द्वारा शिशु को पोषण दें व इसकी स्वच्छता बनाए रखें।

9. शिशु की देखभाल में माता को सम्मिलित करें।

10. शिशु द्वारा मुख से आहार ग्रहण करने पर आमाशयी छिद्र बंद कर दिया जाता है।

